

मुख्यमंत्री कार्यालय में पूजा अर्चना कर शासकीय कार्य शुरू करते हुए सीएम।

# 42 सड़क मार्गों के लिए 615 करोड़ 48 लाख की मिली स्वीकृति

**स्वीकृति**

■ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से औपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क अवस्थापन निधि के अन्तर्गत 615.48 करोड़ रूपये 42 सड़क मार्ग/सेतुओं के प्रस्तावों को स्वीकृत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत राज्य गठन से वर्ष 2017 तक, 17 वर्षों में राज्य में 614.85 करोड़ रूपये की जबकि पिछले चार वर्षों में 1124.25 करोड़ की स्वीकृतियां प्राप्त हुई हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत राज्य गठन से वर्ष 2017 तक, 17 वर्षों में राज्य में 614.85 करोड़ रूपये के कार्यों की स्वीकृतियां भारत सरकार से प्राप्त हुई है। वर्तमान सरकार के कार्यालय में सीआरएफ के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु विगत वर्ष रू0 508.77 करोड़ की स्वीकृति के कार्य गतिमान है। इस प्रकार सीआरएफ के अन्तर्गत वर्तमान सरकार के चार साल के कार्यालय में रू0 1124.25 करोड़ की स्वीकृतियां प्राप्त हो गयी है।

भारत सरकार के इस अतुल्यनीय सहयोग से सड़क निर्माण/सेतु निर्माण के कार्य निर्वाध रूप से क्रियान्वित होगें तथा मार्ग आम जनमानस के आवागमन हेतु सुलभ एवं आरामदायक होगें। भारत सरकार के उक्त सहयोग से सड़क मार्गों में जाम की स्थिति में सुधार होगा तथा यातायात सुलभ एवं आरामदेय होगा।

**सड़कें विकास की धुरीः मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश की आर्थिकध्सामाजिक उन्नति में आवागमन के साधनों की सुलभ उपलब्धता का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। उत्तराखण्ड राज्य में पर्वतीय भू–भाग के दृष्टिगत प्रदेश के नागरिकों के चहमुखी विकास में सड़क मार्गों की प्रासंगिकता अत्यन्त उपयोगी है। प्रदेश के विकास में सड़क मार्ग लाइफ लाइन का कार्य करते हैं। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में विषम भौगोलिक परिस्थितियों तथा वर्ष में निर्माण हेतु समय की अल्प उपलब्धता के कारण सड़क एवं सेतुओं के निर्माण में आने वाली अत्यधिक लागत को देखते हुए भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को प्रदान की गयी सहायता प्रदेश के विकास में सहायक सिद्ध होगी।

## चीनी मिलों को घाटे से बाहर निकालने के लिए हरसंभव उपाय करें

**बैठक**

■ गन्ना मंत्री ने दिए गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के सम्बन्ध में तेजी लाने के निर्देश



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित सभा कक्ष में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग के अन्तर्गत डोईवाला, किच्छा, नादेही, बाजपुर के चीनी मिलों के प्रबन्धकों तथा चीफ इंजिनियरों के साथ समीक्षा बैठक की।

पेराई सत्र 2021–22 की तैयारी को लेकर बैठक में मंत्री ने महत्वपूर्ण निर्देश दिये। सरकारी एवं सहकारी चीनी मिलों के प्रबन्धक, महाप्रबन्धक की बैठक में उन्होने कहा कि पेराई सत्र की तैयारी पूर्ण कर लें।

इस सम्बन्ध में उन्होने कहा कि चीनी मिलों को घाटे से बाहर निकालने के लिए हर संभव उपाय करें। सभी कार्य समय से पूर्ण करने और खर्चो में कमी लाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अच्छे कृषको को सम्मानित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिये गये।

मंत्री ने चीनी मिलों में मैन पावर के कमी के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि मैन पावर की कमी है तो अवगत कराया जाय। इसके साथ ही उनके द्वारा चीनी मिलो को चलाने से 15 दिन पूर्व चीनी मिलों के मेन्टीनेन्स का कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि चीनी मिलों का मेन्टीनेन्स का कार्य समय से पूर्ण कर संचालित किया जायेगा। मंत्री ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के सम्बन्ध में तेजी लाने के निर्देश दिये।

बैठक में अधिशासी निदेशक रूची मोहन रायल, मुख्य अभियन्ता किच्छा डीसी पाण्डेय, आर.के. शर्मा, मुख्य रसायन विद वीएन शंखवार, महा प्रबन्धक बाजपुर चीनी मिल प्रकाश चन्द्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य संपति अधिकारी ने निर्माणाधीन उत्तराखण्ड निवास का निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। अपर सचिव राज्य संपति अधिकारी प्रताप शाह द्वारा शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित निर्माणाधीन उत्तराखण्ड निवास का निरीक्षण किया गया। अपर सचिव प्रताप शाह द्वारा परियोजना प्रबंधन को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। निर्माणाधीन उत्तराखण्ड निवास के निर्माण का कार्य माह दिसम्बर 2021 तक पूर्ण कर दिया जाये। इसके साथ ही अपर सचिव प्रताप शाह ने उत्तराखण्ड सदन का रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण का भी निरीक्षण किया।

### पर्यटकों को लुभा रहे उत्तराखंड के पर्यटन स्थल

**संवाददाता** देहरादून। नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण उत्तराखंड के कई पर्यटन स्थल देश–दुनिया के पर्यटकों को लुभा रहे हैं। पर्यटक अपनी इच्छा के अनुसार इन स्थानों का चयन कर अपनी यात्रा और छुट्टियों को यादगार बना सकते हैं, खासकर मानसून में। उत्तराखंड में मसूरी, नैनीताल जैसे कई पर्यटन स्थल हैं जो प्रसिद्ध होने के चलते यहां पर्यटकों का तांता लगा रहता है। आपके लिए कुछ पर्यटन स्थलों का चयन किया गया है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में कई खूबसूरत जगहें हैं जो हमेशा पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। सरकार पर्यटकों की सुविधाओं के अनुसार नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने का काम कर रही है।

### पीएम ने हाकी खिलाड़ी वंदना कटारिया की तारीफ की

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलिंपिक में भारतीय महिला हाकी टीम की खिलाडी हरिद्वार निवासी वंदना कटारिया के प्रदर्शन की तारीफ की। इससे वंदना के घर परिवार और हरिद्वार जिले के साथ ही समूचे उत्तराखंड में खुशी की लहर है। इंटरनेट मीडिया पर वंदना को बधाइयां देने वालों की संख्या लगातार बढ रही है। वंदना की मां सोरण देवी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है।

### उप जिलाधिकारी, तहसीलदार ने किया टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण

**संवाददाता** ऋषिकेश। राज्य सरकार की ओर से टीकाकरण महा अभियान के तहत ऋषिकेश क्षेत्र में शनिवार 5000 व्यक्तियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। उप जिलाधिकारी डा. अपूर्वा पांडे, तहसीलदार डा. अमृता शर्मा ने राजकीय चिकित्सालय सहित सभी टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उत्तराखंड में शनिवार को कोविड टीकाकरण महा अभियान के तहत ऋषिकेश तहसील क्षेत्र में पांच हजार से अधिक कोविड निरोधक वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### मंथन शिविर में भाजपा की पोल खोल कर रख दीः धीरेंद्र प्रताप

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने कहा हम कि कांग्रेस के ऋषिकेश में आयोजित तीन दिवसीय मंथन शिविर ने भाजपा के कुशासन की पूरी पोल खुल गई है और अब भाजपा को 2022 के चुनाव में हार के लिए तैयार हो जाना चाहिए। धीरेंद्र प्रताप ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेश 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए आंदोलनकारी रणनीति बना रही है और इसमें परिवर्तन यात्रा ,ढोल की पोल खोल यात्राओं ,हिसाब दो जवाब दो जैसी यात्राओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 दिनों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं हरीश रावत, गणेश गोदियाल प्रीतम सिंह व प्रभारी देवेंद्र यादव ने जो सवाल उठाए हैं भाजपा के पास उनका कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष आज जहां गढ़वाल जनपद के दौरे पर निकल गए हैं वही प्रतिपक्ष के नवनियुक्त नेता प्रीतम सिंह जी कुमाऊं के दौरे पर चले गए हैं।

### भू–सम्पदा नियामक के अध्यक्ष एवं दो सदस्य पद के लिए आवेदन की 12 अगस्त

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण में 01 अध्यक्ष व 03 सदस्य के पद सृजित हैं। वर्तमान में अध्यक्ष व 02 सदस्यों के सेवानिवृत्त हो जाने के कारण एक ही सदस्य कार्यरत हैं। प्राधिकरण में एक अध्यक्ष एवं दो सदस्यों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु पूर्व में विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी परन्तु कदाचित उक्त अवधि में वैश्विक महामारी कोविड–19 के अत्यधिक प्रकोप के कारण बहुत कम आवेदन पत्र प्राप्त हुये। अतः इस स्थिति में चयन समिति के निर्णयानुसार पुनः 23 जुलाई को विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। आवेदन हेतु अंतिम तिथि 12 अगस्त निर्धारित की गयी है। उक्त पदों हेतु आयु सीमा 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। सदस्य पद हेतु राज्य सरकार में सचिव का पद अथवा राज्य सरकार में या केन्द्रीय सरकार में उसके समतुल्य कोई पद धारण किया जाना आवश्यक है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।